राज्य स्तरीय आकलन

FA	2

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : छठवीं | **विषय : विज्ञान**

PAPER CODE : 6071 | **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ'

LO - SCI-610 - वैज्ञानिक अवधारणाओं की समझ का दैनिक जीवन में प्रयोग करते हैं।

गतिविधि 1. चुम्बकीय कम्पास की सहायता से दिशाएँ ज्ञात करना

निर्देश :–

- कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएं।
- प्रत्येक समूह चुम्बकीय कम्पास की सहायता से कक्षा के कमरे की खिड़की के खुलने अथवा कक्षा के प्रवेश द्वार के खुलने अथवा शाला के गेट के खुलने की दिशा ज्ञात कर कॉपी में नक्शा बनाकर दिशाएँ प्रदर्शित करे।
- प्रत्येक समूह कक्षा में इसका प्रस्तुतीकरण करे।

मूल्यांकन :–

- गतिविधि कर कॉपी में दर्शाना **अंक – 3**
- कार्य का कक्षा में प्रस्तुतीकरण **अंक – 2**

गतिविधि 2. किसी वस्त्र के रेशों की पहचान करना।

निर्देश :–

- कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएं।
- प्रत्येक समूह शिक्षक अथवा अभिभावक के मार्गदर्शन में किसी वस्त्र के 6–8 रेशे निकालकर विभिन्न तरीकों से उसकी पहचान करें।
- पूरी गतिविधि को कॉपी में नोट करें तथा कक्षा में प्रस्तुतीकरण करें।

मूल्यांकन :–

- गतिविधि कर पहचान करना तथा कॉपी में लिखना **अंक – 3**
- कक्षा में प्रस्तुतीकरण **अंक – 2**

गतिविधि 3. अवरोध के दूसरी ओर की वस्तुओं को देखना

निर्देश :–

- कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएं।
- प्रकाश के परावर्तन के आधार पर प्रत्येक समूह आस–पास उपलब्ध वस्तुओं की सहायता से पेरिस्कोप बनाए।
- अब दीवार/अवरोध के दूसरी ओर की वस्तुओं को पेरिस्कोप की सहायता से देखें।
- पूरी गतिविधि को कॉपी में नोट करें तथा अवधारणा सहित कक्षा में प्रस्तुतीकरण करें।

मूल्यांकन :–

- गतिविधि कर कॉपी में लिखना **अंक – 3**
- कक्षा में प्रस्तुतीकरण **अंक – 2**

खण्ड 'ब'

LO - SCI-612 - डिजाइन बनाने, योजना बनाने एवं उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने में रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हैं।

गतिविधि 4. चुम्बक के गुण

निर्देश :–

- कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएं।
- उपलब्ध संसाधनों से चुम्बक प्राप्त कर विभिन्न तरीकों से उसके गुणों का परीक्षण करें।
- पूरी गतिविधि को कॉपी में लिखें तथा कक्षा में प्रस्तुतीकरण करें।

मूल्यांकन :–

- गतिविधि कर पूरी योजना कॉपी में लिखना **अंक – 3**
- कक्षा में प्रस्तुतीकरण **अंक – 2**

गतिविधि 5. करघे से बुनाई/सलाइयों से बुनाई

निर्देश :–

- कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएं।
- करघे से की जाने वाली बुनाई (कागज से चटाई बनाकर) या सलाइयों से की जाने वाली बुनाई को दर्शाएं।
- पूरी गतिविधि को कॉपी में लिखें तथा कक्षा में प्रस्तुतीकरण करें।

मूल्यांकन :–

- गतिविधि कर कॉपी में लिखना **अंक – 3**
- कक्षा में प्रस्तुतीकरण **अंक – 2**

गतिविधि 6. पिनहोल कैमरा

निर्देश :–

- कक्षा के 5–5 विद्यार्थियों के समूह बनाएं।
- उपलब्ध संसाधनों के आधार पर पिनहोल कैमरा बनाने के लिए योजना बनाएं।
- पिनहोल कैमरे से बने प्रतिबिंब का अवलोकन कर कॉपी में पूरी विधि लिखें तथा कक्षा में चर्चा करें।

मूल्यांकन :–

- गतिविधि कर पूरी योजना कॉपी में लिखना **अंक – 3**
- कक्षा में प्रस्तुतीकरण **अंक – 2**

●●●